# महिला अपराध में लापरवाही न बरतें : एसपी

**सख्ती**

**महराजगंज तराई, संवाददाता।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक मार्तंड प्रकाश सिंह ने रविवार को महराजगंज तराई थाना और कोतवाली जरवा पहुंचकर औपचारिक निरीक्षण किया। थाना प्रभारी संतोष तिवारी समेत पुलिसकर्मियों ने एसपी को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने थाने के विभिन्न कार्यालयों और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसपी ने सबसे पहले महिला अपराध से संबंधित हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इसके बाद सीसीटीएनएस कार्यालय, थाना कार्यालय और बैरक का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि महिला अपराध से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने रविवार को थाना कोतवाली जरवा का आकस्मिक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, हवालात, बैरक, मालखाना, मिशन शक्ति केंद्र और सीसीटीएनएस कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर अभय प्रताप मल्ल सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## अपराधियों पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश

**बलरामपुर।** नवागत पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने रविवार को पुलिस कार्यालय सभागार में पहली अपराध गोष्ठी में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण, वांछित व वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा सक्रिय अपराधियों पर लगातार निगरानी के निर्देश दिए। गंभीर मामलों में प्रभावी पैरवी कर ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दोषसिद्धि बढ़ाने और पुलिस-अभियोजन समन्वय पर जोर दिया। गैंगस्टर एक्ट में अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई, नेपाल सीमा सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी, संदिग्धों की चेकिंग और गश्त बढ़ाने को कहा। महिला-बाल अपराध, साइबर शिकायतों, डायल-112, आईजीआरएस तथा जनशिकायतों के निस्तारण पर भी विशेष जोर दिया।

## नेपाल बार्डर की परखी सुरक्षा व्यवस्था

एसपी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने रविवार को कोयलाबास बॉर्डर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था परखी। उन्होंने बैरियर, चेकिंग प्वाइंट, रजिस्टर और सीसीटीवी जांचे। संदिग्धों व वाहनों की सघन जांच, तस्करी रोकने के लिए रात में पगडंडियों पर निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए।